# युवा उद्यमियों की सूची में यूपी पहली बार टॉप-5 में

## हुरुन इंटरनेशनल की लिस्ट में 35 वर्ष से कम उम्र वाले 12 उद्यमियों के साथ चौथा स्थान

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय समूह हुरुन इंटरनेशनल ने 35 वर्ष से कम उम्र वाले भारतीय उद्यमियों की सूची जारी कर दी है। इसमें यूपी ने पहली बार टॉप 5 में जगह बनाई है। 12 युवा उद्यमियों के साथ चौथे स्थान पर है। कई उद्यमी नोएडा गाजियाबाद के अलावा अमेठी, बरेली, कानपुर, लखनऊ व आगरा के हैं।

सूची में पहले पायदान पर महाराष्ट्र के 33, दूसरे पर कर्नाटक के 30 और तीसरे पर दिल्ली के 21 उद्यमी हैं। तेलंगाना 9 उद्यमियों के साथ पांचवें और गुजरात 7 उद्यमियों के साथ छठे स्थान पर है। इस बार सूची में यूपी के सबसे ज्यादा उद्यमी नोएडा के बजाय आगरा और गाजियाबाद के हैं। दोनों शहरों से तीन-तीन युवा उद्यमियों ने प्रदेश का मान बढ़ाया है।

स्टार्टअप को हजारों करोड़ की कंपनी बनाने वाले इन युवाओं में 50 ने आईआईटी से पढ़ाई की है। सबसे ज्यादा 13 उद्यमी आईआईटी मद्रास, 11 बॉम्बे, 10-10 दिल्ली व खड़गपुर और छह आईआईटी रुड़की से पासआउट हैं।




लखनऊ के युवा उद्यमी अंशुमान सिंह।

**यूपी के इन युवाओं ने रोशन किया नाम**

| नाम | उम्र | कंपनी | आवास |
|---|---|---|---|
| हीमेश सिंह | 31 | अनएकेडमी | आगरा |
| सिद्धार्थ विज | 32 | बिजनिस | आगरा |
| अलख पांडेय | 32 | फिजिक्सवाला | नोएडा |
| मुकुल रस्तोगी | 33 | क्लासप्लस | गाजियाबाद |
| सिद्धार्थ सिक्का | 33 | बैटरीस्मार्ट | गाजियाबाद |
| प्रशांत सचान | 34 | एप्सफॉरभारत | अमेठी |
| आयुष चौधरी | 34 | स्क्रूट आटोमेशन | नोएडा |
| राघव चंद्रा | 34 | अर्बन कंपनी | कानपुर |
| माधव भगत | 34 | स्पॉट ड्राफ्ट | आगरा |
| अंशुमान सिंह | 34 | स्केलर एकेडमी | लखनऊ |
| गौरव शर्मा | 34 | सा एस लैब्स | गाजियाबाद |
| दीपांशु अरोड़ा | 35 | टॉडल | बरेली |

### विरासत में नहीं मिली कमान

उत्तर प्रदेश से सूची में जगह बनाने वाले सभी 12 उद्यमियों को कारोबारी कमान विरासत में नहीं मिली है। उन्होंने अपने दम पर ये मुकाम हासिल किया है। देशभर से सूची में शामिल 150 में 123 उद्यमी फर्स्ट जेनेरेशन कारोबारी हैं।

**इस मामले में भी यूपी ने दिखाया दम :** सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स के मामले में शीर्ष-10 में भी यूपी के दो उद्यमी हैं। इनमें फिजिक्स वाला के अलख पांडे के 6.37 लाख और अर्बन कंपनी के राघव चंद्रा के 4.36 लाख फॉलोअर्स हैं।